आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 19 लखनऊ, शनिवार 21 अगस्त से 27 अगस्त, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस

लखनऊ। ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने कहा कि ब्रिटेन और उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके तहत प्रदेश और ब्रिटेन के



विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक आदान–प्रदान को बढ़ाया जा सकता है। एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत डिजाइनिंग, पैकेजिंग और टेक्निकल सपोर्ट के क्षेत्रों में भी हम लोग काम कर सकते हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस से कहा कि स्वास्थ्य, रक्षा उत्पादन, शिक्षा, पर्यावरण तथा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) सेक्टर, विशेष रूप से स्थानीय हस्तशिल्प के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और ब्रिटेन के बीच निवेश और कारोबारी गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है। ब्रिटेन के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित करने की असीम संभावनाएं मौजूद हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस को बताया कि निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से राज्य सरकार ने आकर्षक सेक्टोरल नीतियां बनाई हैं। प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए सकारात्मक माहौल स्थापित किया गया है। कारोबारी सुगमता में उत्तर प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। दोनों के बीच ब्रिटेन और उत्तर प्रदेश के संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर बातचीत हुई। उच्चायुक्त ने उन्हें बताया कि उत्तर प्रदेश के वस्त्र और चमड़ा उत्पादों का ब्रिटेन में बड़ी संख्या में निर्यात किया जाता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर संक्रमण से बचाव व उपचार के लिए प्रदेश में की जा रही तैयारियों के बारे में भी चर्चा की। उच्चायुक्त ने इस दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा महिलाओं के स्वावलंबन व सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयासों की तारीफ की।श्एक जनपद, एक उत्पादश योजना की प्रशंसा भी की।लगभग ३५ वर्ष पूर्व अपनी वाराणसी यात्रा का उल्लेख करते हुए ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने बताया कि इस प्राचीन नगरी में प्रवास उनके लिए एक विशिष्ट अनुभव था। वर्तमान में वाराणसी एक आधुनिक और विकसित स्वरूप में उभर रहा है। मुलाकात के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम ने पकड़ा ५० लाख का सोना

लखनऊ। दुबई और रियाद से तस्कर सोने को लखनऊ तक ला रहे हैं। हालांकि यहां कस्टम की टीम की चौकसी के चलते यह सोना पकड़ा जा रहा है। शुक्रवार को भी रियाद व दुबई से आए सोने को एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। पकड़े गए सोने की कीमत करीब ५० लाख रुपये है। यह सोना बिस्कुट व पेस्ट के रूप में लाया गया था।कोरोना के नियंत्रण में आने के बाद अब इंटरनेशनल विमानों के संचालन में तेजी आ रही है। बबल, वंदे भारत के साथ स्पेशल एयर सर्विस के तहत इंटरनेशनल विमान लखनऊ आ रहे हैं। इनमें अधिकांश विमान खाड़ी देशों के हैं। रियाद से आने वाली इंडिगो की फ्लाइठ संख्या जी ८–६००६ से दो यात्री चौधरी चरण सिंह अंतरराष्टीय एयरपोर्ट पर उतरे थे। इमिग्रेशन के बाद जब वह कस्टम के पास पहुंचे तो यहां तैनात कस्टम उपायुक्त अर्निका यादव को उन दोनों यात्रियों पर शक हुआ। दोनों से कड़ी पूछताछ की गई। जिसपर दोनों के पास से



दो–दो बिस्कुट बरामद हुए। बिस्कुट को अंडवियर में छिपाकर रखा गया था। उनका वजन ७०० ग्राम निकला जिनकी कीमत ३४.७१ लाख रुपये बतायी जा रही है। वहीं दुबई के विमान से ए एक यात्री के पास से सोने का पेस्ट बरामद हुआ। बरामद सोना १४.६६ लाख रुपये है।

## शायर मुनव्वर राना के खिलाफ लखनऊ में एफआइआर दर्ज


लखनऊ। शायर मुनव्वर राना के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में एफआइआर दर्ज की गई है। सामाजिक सरोकार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष पीएल भारती ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्यामबाबू शुक्ला के मुताबिक



पीएल भारती ने शुक्रवार को तहरीर दी थी, जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज हुई है। आरोप है कि मुन्नवर राना ने भगवान वाल्मीकि की तुलना तालिबानियों से कर के दलित समाज का अपमान किया है और हिंदू आस्था को चोट पहुंचाई है। मुनव्वर राना ने तालिबान पर चर्चा के दौरान विवादित बयान दिया था। उन्होंने तालिबान की तुलना महर्षि वाल्मीकि से की थी। इस बयान की हर तरफ आलोचना हो रही है और महर्षि बाल्मीकि के अनुयायी बेहद नाराज हैं। सामाजिक सरोकार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष पीएल भारती का आरोप है कि मुनव्वर राना के बयान से धार्मिक भावना आहत हुई है। यही नहीं संप्रदाय वर्गों में जाति विद्धेश व कटुता फैली है। यही नहीं दलित समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। पीएल भारती के अलावा डा. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डाक्टर लालजी प्रसाद निर्मल ने भी हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि मुनव्वर राना ने भगवान वाल्मीकि की तुलना तालिबानियों से कर के दलित समाज का अपमान किया है और हिंदू आस्था को चोट पहुंचाई है। उधर, अखिल भारत हिंदू महासभा के शिशिर चतुर्वेदी ने भी मुनव्वर राना के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मुनव्वर राना अपने बयानों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। हाल में ही उनके बेटे पर भी एफआइआर दर्ज की गई थी। मुनव्वर के बेटे तबरेज ने अपने चाचा को फर्जी मामले में फंसाने के लिए खुद पर हमला करवाया था। रायबरेली पुलिस अभी तक आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## उत्तर प्रदेश सरकार में फेरबदल की अटकलें

नई दिल्ली। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विस्तार के बाद से ही उत्तर प्रदेश सरकार में फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब कहा जा रहा है कि जल्दी ही राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल होगी। जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा आलाकमान ने इसकी हरी झंडी दे दी है। गुरुवार को इसे लेकर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल की मीटिंग हुई। बताया जा रहा है कि कोई साढ़े तीन घंटे तक चली इस बैठक में विधान परिषद में खाली चार सीटों के लिए नाम भी तय किए गए और मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले नए चेहरों के बारे में भी विचार किया गया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए जितिन प्रसाद को एमएलसी



और मंत्री बनाया जा सकता है। लक्ष्मीकांत बाजपेयी और संजय निषाद को भी उच्च सदन में भेजने की चर्चा है। जानकार सूत्रों के मुताबिक जल्दी ही मंत्रिपरिषद का विस्तार हो सकता है। मंत्रिपरिषद में खाली जगहों को भरा जाना है। कोरोना महामारी की वजह से राज्य सरकार के कुछ मंत्रियों का निधन हो गया था। कुल सात सीटें खाली हैं, जिन पर नए मंत्रियों की नियुक्ति होनी है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक समीकरण संतुलित करने के लिए कुछ नए मंत्री बनाएगी। अगर कुछ मंत्री नहीं हटाए जाते हैं तो पांच से छह नए मंत्री बन सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौजूदा मंत्रिपरिषद में अभी ५३ मंत्री हैं, जबकि अधिकतम ६० मंत्री बनाए जा सकते हैं। नए मंत्रियों में जितिन प्रसाद, संजय निषाद, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विद्यासागर सोनकर, एके शर्मा आदि के नामों की चर्चा है। चार एमएलसी के जरिए भी जातीय समीकरण साधने का प्रयास होगा।

# सम्पादकीय

## तालिबान की जीत से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों का मनोबल बढ़ेगा

फिलहाल दुनिया में मुख्य चर्चा अफगानिस्तान में अमेरिका की नाकामी की है। रिपब्लिकन पार्टी के अभियान और अमेरिकी मीडिया में आलोचनाओं के कारण जो बाइडेन प्रशासन घिरा नजर आ रहा है। अफगानिस्तान में जो हुआ, टीकाकारों ने उसकी तुलना १९७९ में ईरान में हुई इस्लामी क्रांति, १९७५ में (वियतनाम के) सैगोन पर कम्युनिस्टों के नियंत्रण, और १९५९ की क्यूबा की क्रांति से की है। चीन को ये कहने का मौका मिला है कि अफगानिस्तान की ताजा घटनाएं दुनिया में अमेरिकी वर्चस्व के अंत का एक और सबूत हैं। लेकिन असल में गौर करें, तो चुनौती सबके लिए पैदा हुई है। खुद चीन के लिए भी, जो अपने शिनजियांग प्रांत में उइघुर मुसलमानों के उग्रवादी हिस्सों का सामना कर रहा है। कई विश्लेषकों की इस बात में भी दम है कि भले तालिबान के पाकिस्तान के साथ गहरे रिश्ते रहे हों, लेकिन जिस तरह तालिबान ने जीत हासिल की है, उससे पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों का मनोबल बढ़ेगा, जो वहां अपने हमले तेज कर सकते हैं। इसी तरह इस आकलन में भी दम है कि भारत को अब जम्मू-कश्मीर में अधिक अशांति के लिए तैयार रहना होगा। ईरान भले अमेरिका की हार पर खुश हो, लेकिन उसे हजारा समुदाय को लेकर चिंतित होना पड़ सकता है। तालिबान ने अतीत में इस शिया समुदाय का क्रूर दमन किया है। उधर अमेरिका और पश्चिमी देशों के अलावा अफगानिस्तान के तमाम पड़ोसी देशों को भी बड़ी संख्या में शरणार्थियों के पहुंचने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। असल बात तब सामने आएगी, जब ये जाहिर हो जाएगा कि इस बार तालिबान किस रूप में सामने आया है। फिलहाल अनुमान है कि अब तालिबान चीन, पाकिस्तान और खाड़ी देशों सहित कई दूसरे देशों के साथ संबंध बनाने की कोशिश करेगा। तालिबान के प्रवक्ताओं ने संकेत दिए हैं कि तालिबान अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहता है। उनकी दिलचस्पी व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहायता हासिल करने में है। इसके आधार पर ये उम्मीद जताई गई है कि शायद इस बात तालिबान सरकार उदारवादी रुख अपनाए। मगर देखने की बात यह होगी कि तालिबान देश में महिलाओं और अपने पराजित दुश्मनों से कैसा व्यवहार करता है। फिलहाल तो मीडिया रिपोर्टें यही बता रही हैं कि अफगानिस्तान में सार्वजनिक जिंदगी से जुड़ी रहीं महिलाएं इस वक्त गहरी आशंका में हैं।

## यूपी की जिला पंचायतों में बनेंगी जिला योजना समितियां

लखनऊ। जिला पंचायतों में अब जिला योजना समितियां बनने जा रही हैं। इन समितियों के लिए जिला पंचायत सदस्यों का ही निर्वाचन होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन के लिए (गौतमबुद्धनगर जिले को छोड़कर) समय सारणी जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि जिन जिला पंचायतों में न्यायालय के स्थगनादेश लागू नहीं हैं, वहीं पर समय सारणी के अनुसार निर्वाचन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि नामांकन २७ अगस्त (११ से चार बजे तक) को होगा और इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच (चार बजे से कार्य की समाप्ति तक) होगी। ३१ अगस्त को (११ से तीन बजे तक) उम्मीदवारी वापस ले सकेंगे। तीन सितंबर को (आठ से तीन बजे तक) मतदान और उसी दिन मतगणना (तीन बजे से कार्य की समाप्ति तक) होगी। जिला मजिस्ट्रेट जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी होंगे। वे सदस्यों के पदों की संख्या व आरक्षण के संबंध में विवरण देते हुए निर्धारित प्रपत्र-१ में सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे।चुनाव कार्यक्रम का व्यापक प्रचार कराने के साथ सार्वजनिक जानकारी के लिए डीएम कार्यालय व जिला पंचायत मुख्यालय के सूचना पट्ट पर भी सूचना की प्रति चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि यह निर्वाचन उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति नियमावली, २००८ के अनुसार होगा। इसमें मतदान मतपत्र से होगा। जिला योजना समिति के सदस्यों के मतपत्र अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित प्रपत्र-६, अनारक्षित वर्ग महिला के लिए प्रपत्र-६(प), अनुसूचित जाति के लिए प्रपत्र-६क, अनुसूचित जाति महिला के लिए प्रपत्र-६क(प), अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए प्रपत्र-६ख व अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए प्रपत्र-६ख (प) के अनुसार होंगे। उम्मीदवारों के नाम मतपत्र में हिंन्दी वर्णमाला में उसी क्रम में दिए जाएंगे, जिस क्रम में वे उम्मीदवारों की रिटर्निंग आफीसर की ओर प्रकाशित सूची में दिये गए हैं। मतगणना के बाद रिटर्निंग आफीसर परिणाम घोषित करेंगे। समय सारिणी के मध्य पडने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे व निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# पूर्व सीएम कल्याण सिंह की हालत में सुधार नहीं

लखनऊ। राजस्थान के राज्यपाल रहे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में बीती चार जुलाई से भर्ती कल्याण सिंह कार्डियोलजी , नेफ्रोलजी, न्यूरोलजी और एंडोक्रिनोलजी उनके स्वास्थ्य से जुड़े तमाम पहलुओं पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह दौरा किया और उनके



के स्वास्थ्य का हालचाल लगातार सीएम योगी आदित्यनाथ भी ले रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भी नई दिल्ली से लौटने के बाद संजय गांधी पीजीआइ जाकर कल्याण सिंह के स्वास्थ्य का हाल लिया।पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की स्थिति नाजुक है, वे जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। विशेषज्ञ सलाहकार उनकी कड़ी निगरानी कर रहे हैं। सीसीएम स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना साथ थे। लखनऊ में संजय गांधी पीजीआइ के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमान ने बताया कि कल्याण सिंह की हालत अब बिगड़ गई है। उसका रक्तचाप कम है और वह सामान्य रूप से पेशाब नहीं कर पा रहे हैं। उनका कई दिन से डायलिसिस हो रहा है। प्रो. धीमान ने कहा कि देखते हैं आज शाम या कल तक उनकी हालत में कितना सुधार होता है। वह यहां वेंटिलेटर पर हैं।पीएम नरेंद्र मोदी लगातार कल्याण सिंह के स्वास्थ्य के हाल की लगातार मानिटरिंग करते हैं। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के राज्यपाल फागू चौहान तथा अन्य बड़े नेताओं ने लखनऊ आकर यहां के संजय गाधी पीजीआई में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का हालचाल लिया है। देश के सभी शीर्ष नेता कल्याण सिंह के परिवार के लोगों के साथ लगातार सम्पर्क में रहते हैं। कल्याण सिंह के पोते तथा उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री संदीप सिंह के साथ भी सभी पीजीआई के डॉक्टर तथा निदेशक डॉ. आरके धीमन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह की निगरानी करते हैं। लखनऊ के लोहिया संस्थान में भर्ती कल्याण सिंह की हालत बिगडने पर उन्हें चार जुलाई को पीजीआई में शिफ्ट किया गया था। क्रिटिकल केयर मेडिसिन (सीसीएम) के आईसीयू में भर्ती कल्याण सिंह की हालत में अभी सुधार नहीं हो रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली से लखनऊ लौटे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भारतीय जनता पार्टी के कोर ग्रुप के साथ नई दिल्ली में गुरुवार रात की बैठक के बाद अब उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल के विस्तार के साथ ही मनोनीत विधान परिषद सदस्यों के नाम भी फाइनल हो गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वापस लखनऊ लौटे हैं। वह एयरपोर्ट से सीधा संजय गांधी पीजीआइ गए और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के स्वास्थ्य की प्रगति पूछी। अब वह अगले हफ्ते होने वाले अपने मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारी में लगेंगे। माना जा रहा है कि भाजपा के साथ ही साथ सहयोगी दल के विधायकों को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी।सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को टोक्टो ओलिंपिक के पदक विजेता के साथ ही भाग लेने वाले खिलाडियों को भव्य समारोह में सम्मानित करने के बाद नई दिल्ली निकल गए। वहां पर रात को उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह और महामंत्री संगठन सुनील बंसल के साथ लम्बी बैठक की। इस बैठक में चार मनोनीत विधान परिषद सदस्यों के नामों पर भी सहमति बनी और साथ ही उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल पर भी मुहर लगी। प्रदेश के मंत्रिपरिषद में फेरबदल तथा विस्तार अभी तक चार मनोनीत एमएलसी के नाम पर सहमति को लेकर रुका था। कल इनका नाम फाइनल होने के बाद विस्तार अगले हफ्ते है।सीएम योगी आदित्यनाथ तथा स्वतंत्रदेव सिंह शुक्रवार को करीब दस बजे लखनऊ लौटे हैं। शाम तक सुनील



बंसल की भी वापसी है। माना जा रहा है कि अगले हफ्ते किसी भी दिन मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। प्रदेश सरकार में अभी मुख्यमंत्री योगी सहित कुल ५३ मंत्री हैं। इनमें २३ कैबिनेट, नौ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और २१ राज्यमंत्री हैं। अभी भी मानक के अनुसार साठ मंत्री बनाए जा सकते हैं, इसलिए सात और मंत्री बनाए जाने की गुंजाइश है।उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर उलट गिनती चालू है। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के विस्तार तथा फेरबदल को लेकर सरकार और संगठन, दोनों ही जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बनाने की नीति-रणनीति पर काम कर रहे हैं। चर्चा यही है कि चार नए एमएलसी में से भी एक-दो को मंत्री बनाया जा सकता है। हर तरह से समीकरण पर विचार किया जा रहा है। जिस तरह से विधानमंडल सत्र स्थगित होते ही मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री संगठन दिल्ली पहुंचे, उससे ही संभावनाओं ने जोर पकड़ लिया कि मानसून सत्र के लिए ही प्रक्रिया रुकी थी।उत्तर प्रदेश के मनोनीत एमएलसी और मंत्री बनने की दौड़ में शामिल निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा. संजय निषाद की मुलाकात भी नड्डा और शाह से हाल ही में हुई है। इससे पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ ही ब्राह्मण और संगठन के संघर्षशील कार्यकर्ता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी भी मिले थे। एमएलसी के लिए तीन नाम तो तय हैं, योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में महिला मंत्री की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए संभावना है कि पार्टी एक मनोनयन में महिला के साथ ही दलित या पिछड़े का भी कोटा पूरा कर दे।

# लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में भाजपा सरकार नें झूठ बोलने के सभी रिकार्ड तोड़ दिए : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इस सरकार के अब चंद महीने ही शेष रह गए हैं। चलाचली की अपनी इस बेला में उन्होंने लोकतंत्र के पवित्र मंदिर सदन में भी असत्य से परहेज नहीं किया। छात्रों को एक करोड़ टैबलेट और परीक्षा भत्ता देने के साथ कई और लोकलुभावन वादे कर दिए हैं। सच्चाई यह है कि चुनाव संकल्प–पत्र में किए गए तमाम वादों को भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया है। मुफ्त लैपटप और मुफ्त जीबी देने का वादा तक पूरा नहीं हुआ। विवेकानंद इंटरनेट सेवा का क्या हुआ? किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवान रोजगार के लिए भटक रहा है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा भटकाने के लिए कुछ भी कर सकती है। अपने पिछले बजट का २० प्रतिशत भी खर्च न कर पाने वाली भाजपा सरकार अनुपूरक बजट लाई है ताकि समाज के विभिन्न वर्गों को कुछ न कुछ देने का बहाना देकर भ्रमित किया जा सके। विकास के तो कहीं दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। इंडो नेपाल सीमा पर ६४० किलोमीटर सड़क पीडब्लूडी को बनानी है लेकिन १० साल में मात्र १३२ किलोमीटर सड़क बन पाई। दिसंबर २०१६ तक २७ प्रतिशत जमीन अधिग्रहीत करने का काम



भी नहीं हो पाया। कुंभ मेला के प्रबंधन की डींग हांकने वाली भाजपा सरकार के समय करोड़ों के अपव्यय का राजफाश हो रहा है। स्कूल खुलने जा रहे हैं, जबकि अभी तक प्रदेश के २६ जिलों में डेस्क–बेंं खरीद की निविदाएं तक नहीं खोली गई है। भाजपा सरकार में शिक्षा–चिकित्सा क्षेत्र में बदहाली तो जगजाहिर हो चुकी है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विधानमंडल के समक्ष पेश सीएजी रिपोर्ट में प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के ११ सार्वजनिक उपक्रमों में बदहाली उजागर हुई है। इनकी संचित हानियां, १६२,१८०.०७ करोड़ तक पहुंच गई हैं। फर्रुखाबाद में खम्भा न तार, बिजली बिल आ रहा है। ६० हजार १२४ घंटे बिजली देने का वादा करके सपा सरकार में मिलने वाली बिजली की सप्लाई भी सुनिश्चित नहीं रख पाई भाजपा सरकार। बड़ी–बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार का रिकार्ड यह है कि अपने पूरे कार्यकाल में उसने एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया।अखिलेश यादव ने कहा कि कैसा मजाक है कि उज्ज्वला का चूल्हा भी ठंडा पड़ गया है। डबल इंजन सरकार सब्सिडी भी निगल गई है। एक बार फिर गैस सिलेंडर पर २५ रुपये बढ़त से रसोई का बजट ध्वस्त हो गया है। खुद को नम्बर वन कहने वाले कैसे बता दें कि गरीब अपना घर कैसे चलाएं? भाजपा सरकार ने आते ही गरीब महिलाओं के लिए पेंशन योजना रोक दी। विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान भी भाजपा सरकार को रास नहीं आया। विकास विरोधी और जनविरोधी भाजपा सरकार के अब चार दिन ही बचे हैं। संकल्प पत्र के वादा खिलाफी का जनता २०२२ में वोट से समुचित जवाब देगी।

# एसपी खुद करें महिला अपराध की समीक्षा : डीजीपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में कार्रवाई से लेकर प्रभावी पैरवी तक के बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। डीजीपी मुकुल गोयल ने महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली घटनाओं में लापरवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े अपराध के मामलों की मानीटरिंग एसएसपी व एसपी खुद करें।डीजीपी मुकुल गोयलने पाक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस) एक्ट से जुड़े मुकदमों में चल रही कार्रवाई की समीक्षा भी की और कई मामलों में कोर्ट में आरोपितों के विरुद्ध पैरवी तेज किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पाक्सो एक्ट के सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई की जाए। महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े अपराध के मामलों की मानीटरिंग एसएसपी व एसपी खुद करें। ऐसे अपराधों की मासिक समीक्षा भी की जाए और लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण कराया जाए। ऐसे मामलों में कोर्ट में की जा रही पैरवी के साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्यों के बलबूते आरोपितों को कठोर सजा दिलाई जाए।बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत शनिवार २१ अगस्त से करने जा रही है। मिशन शक्ति का तीसरा चरण महिलाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। दिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत २६.६८ लाख



महिलाओं के खातों में ४५१ करोड़ रुपये भेजेंगे। साथ ही १.७३ लाख से अधिक नए लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा गया है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत १.५५ लाख बेटियों के खातों में ३०.१२ करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। प्रदेश सरकार ५६ हजार ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष की शुरुआत करेगी। शनिवार को ही सरकार महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनात करेगी। मिशन शक्ति के तहत ८४.७६ करोड़ की लागत से १२८६ थानों में पिंक टायलेट का निर्माण किया जाएगा। महिला बटालियनों के लिए २९८२ पदों के लिए विशेष भर्ती की जाएगी।

# बाजार से लौट रहीं बुजुर्ग महिला पर दिनदहाड़े ताना तमंचा और लूटी चेन

लखनऊ। इंदिरानगर क्षेत्र के सुग्गामऊ में बाजार से लौट रहीं बुजुर्ग रमा सैनी की बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार कर चेन लूटने का प्रयास किया। चेन जब पहली बार में नहीं लूट सके तो दोबारा उस पर तमंचा तानकर दौड़े। इसके बाद गले में पड़ी चेन लूटकर भाग निकले। सरेराह दिन दहाड़े



हुई घटना से पीड़िता और पूरा मोहल्ला दहशत में हैं। घटना की वीडियो फुटेज वायरल होने पर पुलिस को मामले की जानकारी हुई। इंदिरानगर इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है।जानकारी के मुताबिक सुग्गामऊ निवासी रमा सैनी सोमवार शाम बाजार से सब्जी लेकर लौट रही थीं। वह घर से कुछ दूरी पर थीं। इस बीच पीछे से पहुंचे बाइक सवार बदमाश ने झपट्टा मार कर रमा की चेन लूटने का प्रयास किया। इसके बाद बचाव में गले में हाथ लगाकर रमा घर की ओर भागी। यह देख बाइक चला रहे बदमाश ने गाड़ी रोक की। पीछे बैठा उसका साथी उतरा और रमा की ओर तमंचा लेकर दौड़ा। रमा डर के मारे रुक गईं। इस बीच आस पास खड़े लोग भी मारे डर के भाग खड़े हुए। बदमाश ने रमा पर तमंचा तान दिया और उनकी चेन लूटकर धमकाते हुए भाग निकले। घटना से रमा उनका परिवार और पूरा मोहल्ला दहशत में है। बुधवार सुबह घटना का वीडियो और बदमाशों की हरकत इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो देखकर अधिकारियों ने मामला संज्ञान लिया और इंदिरानगर पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि रमा के साथ चेन लूट का प्रयास हुआ है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। रमा से संपर्क किया गया पर उन्होंने अबतक तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।फुटेज में बदमाश काले रंग की बाइक पर दिखे हैं। वहीं, लूट को अंजाम देने वाला बदमाश आसमानी रंग की शर्ट पहने है। उसकी उम्र करीब २६–२८ साल है। जबकि बाइक चला रहे बदमाश ने क्रीम कलर की शर्ट और काले रंग की पैंट पहन रखी है। काला हेलमेट लगाए है। उसकी उम्र ३५ के करीब है।

# कमलेश तिवारी हत्याकांड के मुख्य गवाह पर कार सवारों ने किया हमला

लखनऊ। राजधानी के बहुचर्चित हिंदू समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी हत्याकांड के मुख्य गवाह सौराष्ट्र जीत सिंह पर कार सवारों ने गुरुवार देर रात हमला बोल दिया। कार सवारों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका और हमला बोल दिया। हमले के दौरान उनके सुरक्षा कर्मी कमलेश यादव को भी पीटा और उसकी पिस्टल छीनने का प्रयास किया। सौराष्ट्र सिंह ने इस संबंध में गाजीपुर थाने में तहरीर दी है। सौराष्ट्र ने कमलेश तिवारी के हत्यारोपितों पर हमले का आरोप लगाया है। मूल रूप से कुशीनगर निवासी सौराष्ट्र जीत सिंह यहां इंदिरानगर न्यू गुरुद्वारा रोड पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात करीब ११:३० बजे वह निशातगंज पेपर मिल कालोनी से सुरक्षाकर्मी कमलेश यादव के साथ स्कार्पियो कार से घर जा रहे थे। आरोप है कि इस बीच रहीमनगर में विंध्यवासिनी गेस्ट हाउस के पास पीछे से आए तीन कारों पर सवार लोगों ने ओवरटेक कर उन्हें रोका। वह कार से निकले तो उन पर २०–२५ लोगों ने हमला बोल दिया। बचाव में सुरक्षाकर्मी दौड़ा तो हमलावरों ने उसकी पिस्टल छीनने का प्रयास किया और जमकर पीट दिया। सुरक्षाकर्मी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जबतक मौके पर पहुंची हमलावर भाग निकले। सौराष्ट्र सिंह ने बताया कि वह तहरीर लेकर गाजीपुर थाने पहुंचे पर कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, इंस्पेक्टर गाजीपुर अनिल कुमार ने बताया कि सौराष्ट्र की कार से एक कार की टक्कर हो गई थी।टक्कर को लेकर ही विवाद हुआ था। अभी थाने में कोई तहरीर नहीं दी है।सौराष्ट्र सिंह ने बताया कि वह कमलेश तिवारी की हत्याकांड के मुख्य गवाह हैं। हत्यारोपित उन्हें मारने की योजना बना रहे हैं।हत्या की साजिश के तहत उन पर हमला हुआ है। पुलिस मामले में लापरवाही बरत रही है। सौराष्ट्र सिंह ने हमलावरों पर कार्यवाही की मांग की है। सौराष्ट्र सिंह के मुताबिक पहले भी उन्हें कई बार धमकी मिल चुकी है।


# मेडिकल छात्राओं के साथ बीच सड़क पर छेड़छाड़

लखनऊ। छेड़छाड़ के विरोध में गुरुवार रात चिहनट क्षेत्र स्थित क्राउन माल के पास शोहदों ने मेडिकल छात्राओं का रास्ता रोक लिया। इस दौरान छात्राओं के दो बैचमेट पहुंचे और उन्होंने विरोध किया तो शोहदों ने उन्हें जमकर पीटा। बचाव में दोनों भागे तो शहोदों ने उन्हें बीच सड़क दौड़ाकर पीटा। बचाव में छात्राएं दौड़ी तो उन पर भी हमला बोल दिया। सरे राह रात में शोहदों का बीच सड़क आतंक चलता रहा पर पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। इसके बाद छात्राओं ने चिहनट कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मूल रूप से गोरखपुर निवासी छात्राएं यहां बी–फार्मा की पढ़ाई कर रही हैं। दोनों चिनहट क्षेत्र स्थित कलेज के हास्टल में रहती हैं। गुरुवार रात वह क्राउन माल से खरीदारी करके लौट रही थीं। इस बीच रास्ते में मटियारी निवासी विशाल ठाकुर, अंशू और उसके दोस्तों ने छात्राओं को रोक लिया। छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर छात्राओं से अभद्रता की। इस दौरान छात्रा के दो बैचमेट पहुंचे और उन्होंने विरोध किया तो शोहदों ने उन पर हमला बोल दिया। दोनों को दौड़ा–दौड़ाकर सड़क पर पीटा। बैचमेट को पिटता देख छात्राएं बचाव में दौड़ी तो शोहदों ने उन पर भी हमला बोल दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। हालांकि शोहदों का आतंक देखकर राहगीर भी विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

# खिलाडियों को योगी सरकार ने बड़े समारोह में किया सम्मानित

लखनऊ। ओलिंपिक खेलों के इतिहास में भारत के अब तक के श्रेष्ठ प्रदर्शन में अहम भूमिका अदा करने वाले खिलाडियों को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज बड़े समारोह में सम्मानित किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. दिनेश शर्मा इन खिलाड़ियों का सम्मान किया। सीएम योगी आदित्यनाथ इस मौके पर व्यक्तिगत खेलों में ओलिंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलिन थ्रोआर नीरज चोपड़ा को लेकर मंच पर पहुंचे। इस अवसर पर नीरज चोपड़ा ने कहा कि मैं यहां पर आकर थोड़ा नर्वस हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि इतना नर्वस मैं टोक्यो ओलंपिक में भी नही था। यह आयोजन मुझे इंडिया के बड़े इवेंट की तरह लग रहा है। आज इतनी भीड़ देखकर अभिभूत हूं, इतना नर्वस तो ओलंपिक में भी नहीं था। सामने दर्शक दीर्घा में भविष्य के ओलंपियन बैठे हैं। युवाओं से कहना चाहता हूं कि खुद पर भरोसा करें और जमकर मेहनत करें। पुरस्कार हमेशा प्रोत्साहित करता है और अच्छा करने की प्रेरणा देता है। यूपी ने सभी का सम्मान करके एक मिसाल कायम की है। मैं लोगो से कहना चाहूंगा कि अपने ऊपर विश्वास रखे और इच्छा शक्ति बनाये रखे। मैं इस आयोजन के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद करता हूं। इस बड़े समारोह से देश व प्रदेश के बाकी खिलाडियों को काफी प्रोत्साहन मिलेगा।पीवी सिंधू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से जिस तरह हम खिलाडियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उसके लिए में सीएम योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा करती हूं। इस आयोजन से बाकी खिलाडियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।भारतीय हकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि मजबूत टीमों को हराने के बाद टीम का हौसला बुलन्द था लेकिन सेमीफाइनल मैच हारने के बाद टीम थोड़ा निराश थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आते ही ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। उन्होंने कहा कि आप दिल लगाकर खेले हैं, आप देश के हीरो हैं। पीएम से बात करके टीम का हौसला बढ़ा और हमने कांस्य पदक जीता।भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ध्रूव बत्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्रास रुट लेबल योजना काफी कारगर रही। सरकार ने खेलों को लेकर काफी काम किया है। प्रोत्साहन से हौसला बढ़ता है, खिलाडियों की ट्रेनिंग काफी पैसा खर्च किया गया। केंद्र और राज्य सरकारों ने काफी सहयोग किया। ओलिंपिक में पदकों की संख्या और बढ़ाएंगे। जितना प्यार और पुरस्कार मिला है, उससे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि हाकी तीन मैच हारने के बाद भी हमने हिम्मत नहीं हारी, हम जानते थे कि हम दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच सकते हैं। लड़कियां पूरे जोश से खेलीं। पदक विजेताओ के साथ ही भाग लेने वालों का सम्मान वाकई सराहनीय है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक मिसाल कायम की है। यह समारोह उन खिलाड़ियों को प्रेरणा देगा जो भविष्य में देश के लिए खेलने का सपना देखते हैं। मैं यहां मौजूद खिलाड़ियों से यही कहना चाहता हूं कि हमेशा लक्ष्य पर फोकस करें, सामने कौन है, इसके दबाव में न आएं।प्रदेश के खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि यह हर्ष और उल्लास का अवसर है कि देश का मस्तक ऊंचा करने वाले खिलाड़ियों का अभिनन्दन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार खेलों के विकास को प्रतिबद्ध है। जो खिलाड़ी पदक जीतने से चुके हैं, उन विश्वास है कि अगले ओलिम्पिक में पदक जीते हैं। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया है।





## पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर लुटेरे

लखनऊ। थाना गोमती नगर विस्तार स्थित शहीद पथ अंडरपास क्रॉसिंग के पास सर्विस लेन से तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार जिनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल व लूट में प्रियोग ऑटो रिक्शा संख्या यूपी ३२ एचएन ०८७० लूट के १०२० मौके पर बरामद किए गया। राजधानी के थाना गोमतीनगर विस्तार स्थित शहीद पथ अंडरपास क्रासिंग सर्वीस लेन से मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को पुलिस ने लूट के माल के साथ दबोचा जिनके कब्जे से लूट के रुपये मोबाइल व घटना कारित करने में प्रियोग ऑटो रिक्शा बरामद किया गया। थाना गोमतीनगर विस्तार प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि अभियुक्त अंकुर उर्फ अंकुल वर्मा जनपद सीतापुर का रहने वाला है जिसके विरुद्ध सीतापुर में कई अभियोग पंजीकृत होने के कारण जनपद लखनऊ के कमता गांव में आकर लोगों की नजरों से बचने के लिए ऑटो रिक्शा चलाने का स्वांग रचा गया था। वहां के स्थानीय लोगों को मिलाकर घटनाओ को अंजाम दिया जाता था अभियुक्त अंकुर द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर १५ व १६ध्८/२०२१ रात्रि करीब १२:०० बजे अहिमामऊ चौराहे के पास से सुधाकर सिंह को अपने ऑटो रिक्शा पर सवारी बैठाया गया तत्पश्चात बहाने बनाकर पिपराघाट की तरफ ले जाकर उनके साथ मारपीट कर जिसमें ५००० रुपए एटीएम कार्ड आदि मोबाइल फोन लूट लिए गए जिस के संबंध में सुधाकर सिंह ने थाना स्थानीय में मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान अपनी निशानदेही में बताया अंकुर उर्फ अंकुल वर्मा २७ पुत्र स्वर्गीय शिवराम वर्मा निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना रामपुर कलां सिधौली जनपद सीतापुर, विशाल राजपूत २२ पुत्र भरत राजपूत निवासी कविता गांव निकट समुदायिक केंद्र थाना चिनहट लखनऊ, जय कुमार उर्फ करिया २१ वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम अवतार निवासी ग्राम कमता थाना चिनहट लखनऊ। पकड़े गए अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

# आतंक के आधार पर एक साम्राज्य कुछ समय के लिए हावी हो सकता है लेकिन हमेशा नहीं- अफगानिस्तान संकट पर पीएम मोदी

नई दिल्ली। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद हर ओर भय का माहौल बना हुआ है। हर देश के बयान सामने आ रहे है। तालिबान ने अफगान में सबसे बुरी हालत महिलाओं की की है। लोग वहां से जान बचाकर भाग रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आतंक के आधार पर एक साम्राज्य कुछ समय के लिए हावी हो सकता है लेकिन उसका अस्तित्व कभी स्थायी नहीं होता। तालिबान द्वारा अमेरिकी सैनिकों की वापसी और राष्ट्रपति अशरफ गनी के भाग जाने के बाद तालिबान द्वारा पदभार संभालने के बाद अफगानिस्तान संकट के बीच यह संदेश आया। भारत ने अफगान के लिए इमरजेंसी वीजा जैसी कई सुविधाएं शुरु की है। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। पीएम मोदी ने कहा कि विनाशकारी शक्तियां, आतंक के आधार पर साम्राज्य बनाने वाली सोच, कुछ समय के लिए हावी हो सकती है, लेकिन, इसका अस्तित्व कभी स्थायी नहीं होता है, यह लंबे समय तक मानवता को दबा नहीं सकता है। एएफपी द्वारा देखे गए संयुक्त




राष्ट्र के खतरे के आकलन सलाहकारों के एक गोपनीय दस्तावेज के अनुसार, तालिबान अमेरिका और नाटो बलों के साथ काम करने वाले लोगों की घर–घर का दौरा कर रहा है। हालाँकि, तालिबान ने अतीत में इस तरह के आरोपों का खंडन किया है और कई बार बयान जारी कर कहा है कि लड़ाकों को निजी घरों में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। वे इस बात पर भी जोर देते हैं कि महिलाओं और पत्रकारों को अपने नए नियम के तहत डरने की कोई बात नहीं है। हालांकि कई मीडियाकर्मियों ने हाल के दिनों में काबुल में देखी गई कुछ अराजकता को रिकॉर्ड करने की कोशिश में लाठी या चाबुक से पीटने की सूचना दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह उच्च स्तर पर निरंतर आधार पर स्थिति की निगरानी कर रहा था और अफगान सिख और हिंदू समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क में था। बागची ने कहा कि काबुल में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा की स्थिति काफी खराब हुई है। हमारे बोलते हुए भी यह तेजी से बदल रहा है।

# चोरो ने छत के रास्ते से जेवरात पर किया हाथ साफ

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ मोहनलालगंज क्षेत्र के फत्ते खेड़ा मजरा कनकहा में बीती रात अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश कर सोने चांदी के जेवरात लेकर हुए फरार वादी की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज पुलिस द्वारा जानकारी के मुताबिक नंदकिशोर पुत्र स्वर्गीय महादीन निवासी ग्राम फत्तेखेडा मजरा कनकहा थाना मोहनलालगंज कोतवाली में लिखित सूचना देते हुए बताया है कि १७ अगस्त बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर व वादी के गांव के रहने वाले राम खेलावन पुत्र स्वर्गीय राम रतन व गंगा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय मैकूलाल के घर से सोने व चांदी के जेवरात को अज्ञात चोरों द्वारा छत के रास्ते से घर में प्रवेश कर चोरी कर ली गई है पुलिस ने वादी की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है


# एटीएस ने छह मुल्जिमों के खिलाफ दाखिल किए आरोप पत्र

लखनऊ।। धर्मांतरण के मामले में जेल में बंद मो. उमर गौतम, मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, राहुल भोला उर्फ राहुल अहमद, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल मन्नान व सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख के खिलाफ एटीएस ने विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एटीएस ने इन सभी के खिलाफ छल, आपराधिक साजिश, सामाजिक शांति को भंग करना, राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वालो`त्य करना, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से धार्मिक विश्वासों का अपमान करना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से प्रतिकूल शब्दों का प्रयोग करने में आरोप पत्र दाखिल किया है।इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक अनिल कुमार विश्वमकर्मा ने इसके साथ ही मुल्जिमों के खिलाफ उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध ा अधिनियम, २०२१ की धारा ३ (छल, बल, कपट, लालच अथवा विवाह के द्वारा किसी व्यक्ति का ध र्म परिवर्तन करना), ५ (इस धारा में सजा का प्रावधान है) व धारा ८ (धर्म परिवर्तन से ६० दिन पहले जिलाधिकारी को आवेदन देना, ऐसा नहीं करने पर सजा व जुर्माना) में भी आरोप पत्र दाखिल किया है। सूबे में इस अधिनियम के लागू होने के बाद यह पहला आरोप पत्र है। एटीएस की विशेष अदालत में आरोप पत्र पर संज्ञान के मसले पर सुनवाई अभी बाकी है।एटीएस ने इस मामले में १० मुल्जिमों को देश के विभिन्न प्रांतों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। शेष चार मुल्जिम प्रसाद कावरे उर्फ एडम उर्फ आदम, अर्सलान उर्फ भूप्रिय विंदो, कौसर आलम व डा. फराज शाह के खिलाफ विवेचना अभी प्रचलित है। इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में दर्ज हुई थी।विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक मुल्जिमों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी। इनके द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला–फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर एक आर्गनिक मैकेनिज्म के तहत जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा था। इसकी वजह से देश में आपसी सांपद्रायिक सौहार्द को खतरा पैदा हो रहा था।

# युवा जानना चाहते किन विभागों में दी चार लाख नौकरियां : प्रियंका गांधी?

लखनऊ। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर रोजगार का मुद्दा उठाते हुए यूपी की योगी सरकार को घेरा है। आरटीआइ के जवाब को टैग करते हुए प्रियंका ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने चार लाख नौकरियां दी हैं तो उनका ब्यौरा भी होगा, सरकार से जवाब आया कि ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि श्अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने चार लाख नौकरियां दी हैं तो नौकरियों का ब्यौरा भी होगा। लेकिन, सरकार से जवाब आया कि ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। विधानसभा सत्र चल रहा है, प्रदेश के युवा जानना चाहते हैं कि चार लाख नौकरियां किन–किन विभागों में कब दी गईं। यह बता दीजिए।श्कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ाए



जाने को लेकर सरकार पर करारा हमला बोला है। प्रियंका ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा की बीजेपी सरकार की उगाही योजना फल–फूल रही है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि श्एक जुलाई को रसोई गैस पर मोदी जी की सरकार ने २५ रुपये बढ़ाया। १७ अगस्त को फिर २५ रुपये बढ़ा दिए गए। उज्जवला का सपना दिखाकर, हर महीने रसोई गैस के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार की उगाही योजना फल–फूल रही है।श्बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि मिशन रोजगार के तहत पिछले चार वर्षों में करीब चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई गई हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सभी चयन परीक्षाओं में नियमों का पूर्ण पालन करते हुए समयबद्ध ढंग से योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की गई। भर्ती प्रक्रिया को पूरी तेजी से आगे बढ़ाते हुए आगामी समय में पारदर्शितापूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संचालित रखा जाएगा।

# अश्लील चौट और विदेशी नंबरों से आ रही काल

लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र की एक छात्रा शोहदे की धमकी और प्रताड़ना से इतना त्रस्त हो गई कि उसने अपना मोबाइल, वाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट सब बंद कर दिया है। शोहदा बीते तीन माह से छात्र को वाट्सएप काल और मैसेज करके अश्लील चौट करने का दबाव बना रहा है। विरोध पर उसे धमकी देता। इतना ही नहीं शोहदा छात्रा की आइडी पर फोटो एडिट कर उसमें छात्रा का चेहरा लगाकर अश्लील फुटेज भेजता है। छात्रा और उसका पूरा परिवार दहशत में है। साइबर क्राइम सेल की टीम मामले की जांच कर रही है।शोहदे ने छात्रा के नाम से अलावा संजय मिश्रा, सलमान व कई अन्य नामों से इंस्टाग्राम पर विभिन्न अकाउंट बना रखा है। छात्रा ने शिकायती पत्र में लिखा कि शोहदा अलग–अलग आइडी से उसे मैसेज करता है। वाट्सएप से वीडियो काल करता है। अश्लील वीडियो और फोटो भेजता है। उसने परिवारीजन की आइडी पर भी कई अश्लील फोटो भेजी हैं। कई बार वीडियो काल की। वीडियो काल रिसीव न करने पर वह बदनाम करने की धमकी देता है। छात्रा के मुताबिक वह ऐसे किसी युवक के बारे में नहीं जानती है। उसे नहीं पता कि कौन उसे परेशान कर रहा है। शोहदे की हरकतों के कारण पूरा घर तनाव में है।साइबर क्राइम सेल की पड़ताल में पता चला कि शोहदा एप के माध्यम से विदेशी नंबरों से फोन करता है। छात्रा के पास जिन नंबरों से वह काल कर रहा है वह प्लस वन से शुरू हैं। नंबर अमेरिका का शो करता है। साइबर एक्सपर्ट के मुताबिक यह शोहदा छात्रा के आस पास का हो सकता है अथवा कोई परिचित ही उसे एप के जरिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर उसे परेशान कर रहा है।


# नमूना जांच में दो हजार से ज्यादा मामलों में मिली अनियमितता

लखनऊ। अफसरों की लापरवाही के कारण भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में सरकार को २३६.६१ करोड़ रुपये की चपत लगी है। भारत के नियंत्रक– महा लेखापरीक्षक (सीएजी) की २० दफ्तरों में हुई नमूना जांच में २१६६ मामलों में अनियमितता मिली है। यह मामले वर्ष २०१८–१६ के दौरान के हैं। सीएजी की यह रिपोर्ट बुधवार को विधानमंडल में पेश की गई। सीएजी ने जिन प्रमुख मामलों में आपत्ति जताई है, उनमें रायल्टी न वसूलने या कम वसूलने के कारण २२.४६ करोड़, पट्टा विलेखों पर स्टांप शुल्क कम लगाने के कारण ५.२४ करोड़, जुर्माना न लगाने के कारण १.७३ करोड़, खनिजों के मूल्य की वसूली न करने के कारण १६८.६६ करोड़ व अन्य अनियमितताओं के कारण ४१.४६ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।सीएजी ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के निर्माण में भी संवैधानिक प्रावधानों को लागू न करने पर आपत्ति जताई है। सरकार ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में न्यास निधि को रखा और शासी परिषद तथा प्रबंध समिति को बिना विधायी प्राधिकार के खर्च करने की अनुमति दी। सरकार ने ई–टेंडर कर महंगे दरों पर खनन पट्टे तो आवंटित कर दिए किंतु अवैध खनन के लिए जुर्माने की दरों संशोधन नहीं किया। इससे पट्टाधारक को वैध खनन के लिए देय राशि के विपरीत अवैध खनन के लिए कम जुर्माना देना पड़ता था। सीएजी ने पाया कि ई–नीलामी के कारण जो पट्टे स्वीं त हुए थे उसमें मौरंग की वैध खनन की धनराशि १०६८ रुपये प्रति घन मीटर थी जबकि सटे हुए क्षेत्र में अवैध खनन के लिए ६१५ रुपये प्रति घन मीटर की दर से जुर्माना लगाया गया। विभाग ने बिना वैध परमिट के खनिजों के उठान के ६०४ मामलों में ११६.८५ करोड़ रुपये की धनराशि के खनिज मूल्य व जुर्माना सिविल कार्य के ठेकेदारों से नहीं वसूला। पर्यावरण मंजूरी के बगैर खनन करने पर पट्टाधारकों से खनिज मूल्य २.६६ करोड़ रुपये की वसूली नहीं की गई।

# अवैध तरीके से घर में कोरोना रोधी वैक्सीन लगाने वाला वार्ड ब्वाय गिरफ्तार

मो० अरशद

मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के भदसा मानोपुर गांव में अपने घर पर फर्जी तरीके से कोविड से बचाव का टीका लगाने वाला वार्ड ब्वाय को पुलिस ने गुरवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आया वार्ड ब्वाय आजमगढ़ जनपद के हरैया रौनापार पीएचसी पर कार्यरत है। वह पिछले कई दिनों से अपने घर पर ही लोगों से पैसे लेकर वैक्सीन लगा रहा था, जिसका फोटो और वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर सुबह सदर एसडीएम जयप्रकाश यादव, सीओ घोसी नरेश कुमार और कोपागंज थाना प्रभारी अजय तिवारी व सीएचसी प्रभारी अनिल कुमार उसके घर पहुंचे।छापेमारी में उसके घर से वैक्सीन की २५८ डोज के साथ एंटी रैबीज के इंजेक्शन और कोविड जांच किट आदि बरामद हुई है। सीएचसी प्रभारी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वार्ड ब्वाय चालान कर दिया। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्यकर्मी के गिरफ्तार होने के बाद से पूरे दिन क्षेत्र में चर्चाओं को बाजार गर्म रहा। बताया गया कि सुबह वार्ड ब्वाय अपने घर पर ही लोगों को वैक्सीन लगा रहा था। इसी दौरान फोटो भेजकर किसी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके आधार पर थाना प्रभारी अजय तिवारी और सीएचसी प्रभारी उसके घर जा पहुंचे। वहां पर लोगों की भीड़ लगी थी जहां पैसे लेकर टीका लगाया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल वार्ड ब्वाय राहुल राय को गिरफ्तार कर लिया।जांच में उसके घर से कोविशील्ड के २४० डोज, कोवैक्सीन के १० डोज, एंटी रैबीज इंजेक्शन के १० वायल और छह एंटीजन जांच किट बरामद उसे थाना लाया गया। उसी दौरान वहां सीओ घोसी नरेश कुमार और सदर एसडीएम जयप्रकाश यादव भी पहुंच गए। कोपागंज सीएचसी प्रभारी डा. अनिल कुमार की शिकायत पर आपदा प्रबंधन अधिनियम और मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया।






# सोनिया ने विपक्ष से की साथ आने की अपील

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विपक्ष के सभी नेताओं से साथ आने की अपील की है। उन्होंने २०२४ में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट होने की अपील की है। सोनिया ने विपक्षी नेताओं के साथ एक वर्चुअल बैठक में कहा है कि सबकी कुछ न कुछ मजबूरियां हैं, लेकिन इन मजबूरियों को छोड़ कर सबको साथ आना चाहिए। सोनिया की बुलाई इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हुईं। इस बैठक में १८ विपक्षी पार्टियां शामिल हुईं। शुक्रवार को हुई वर्चुअल बैठक में कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और राहुल गांधी भी शामिल हुए। इनके अलावा चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। एनसीपी प्रमुख शरद पवार, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। सोनिया गांधी ने इस बैठक में विपक्षी नेताओं से २०२४ के लोकसभा चुनाव में एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा– आखिर में हमारा लक्ष्य २०२४ का लोकसभा चुनाव ही है। हमें ऐसी सरकार के लिए योजना बनाकर काम करना होगा जो आजादी के आंदोलन के मूल्यों में विश्वास करती हो। सोनिया ने कहा कि पेगासस जासूसी मुद्दे पर



चर्चा करने में सरकार ने इच्छा नहीं दिखाई। इसके कारण संसद का मनसून सत्र पूरी तरह से जाया हो गया। उन्होंने कहा– संसद में विपक्ष की एकता का भरोसा है, लेकिन इसके बाहर बड़ी राजनीतिक लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में शामिल सभी मुख्यमंत्रियों ने माना कि इस समय विपक्ष को एकजुट होना होगा। विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने यह भी कहा कि गैर भाजपा पार्टियों की राज्य सरकारों को परेशान किया जा रहा है। इससे बचने के लिए सबको साथ आना होगा और केंद्र सरकार का सामना करना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी पार्टियों से कहा कि २०२४ के चुनाव के लिए व्यवस्थित रूप से योजना बनानी होगी और सभी मजबूरियों, बाध्यताओं से ऊपर उठना होगा। उन्होंने तमाम मतभेदों को भुला कर साथ काम करने की जरूरत बताई। सोनिया गांधी की बुलाई इस मीटिंग में तृणमूल कांग्रेस, शिव सेना, झारखंड मुक्ति मोर्चा, सीपीआई, सीपीएम, नेशनल कांफ्रेंस, राष्ट्रीय जनता दल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, लोकतांत्रिक जनता दल, जनता दल सेकुलर, राष्ट्रीय लोक दल, केरल कांग्रेस (एम), डीएमके, एआईयूडीएफ, वीसीके, आरएसपी और आईयूएमएल के नेता शामिल हुए। गौरतलब है कि हाल में खत्म हुए संसद सत्र के दौरान विपक्षी पार्टियों ने खूब एकता दिखाई थी। माना जा रहा है कि इस बैठक के जरिए सोनिया ने संसद से बाहर की एकजुटता दिखाने का प्रयास किया है। बहरहाल, कांग्रेस ने मीटिंग के लिए आम आदमी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी को न्योता नहीं भेजा था, जबकि बुलावे के बावजूद समाजवादी पार्टी से कोई नेता मीटिंग से नहीं जुड़ा।

# भारत में मिला डेल्टा प्लस वैरिएंट अमेरिका में मचा रहा कोहराम, २४ घंटे में भारत में मिले ३६,५७१ केस, ५४० की मौत

नई दिल्ली। भारत में कोरोना की दूसरी लहर धीरे–धीरे नियंत्रण में आ रही है, लेकिन अभी खतरा बरकरार है। अमेरिका में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में फिर से अचानक तेजी आने के बाद भारत भी सतर्क हो गया है। सबसे पहले भारत में पाए जाने वाले कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट ने । अमेरिका में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसी बीच भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना के ३६ हजार ५७१ नए मामले दर्ज किए गए हैं और ५४० लोगों की मौत हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा मौतें केरल में दर्ज की गईं जहां १६७ मरीजों की मौत हो गई। वहीं, महाराष्ट्र में १५४ मरीजों की जान चली गई। गुरूवार को देश ४८ लाख से ज्यादा कोरोना की डोज लगाई गई है, जिसके बाद देशभर में कोरोना टीकों की कुल खुराकों की संख्या ५७.१६ करोड़ को पार कर गई है। अबतक हुई कुल मौतें ४ लाख ३३ हजार ५८६, अबतक कुल डिस्चार्ज, ३ करोड़ १५ लाख ६१ हजार ६३५, अभी चल रहा इलाज , ३ लाख ६३ हजार ६०५, अबतक कोरोना टेस्ट ५० करोड़ पार, अबतक वैक्सीन की दी गई खुराक ५७ करोड १६ लाख ७१ हजार २६४ , कोरोना को लेकर अगर बात करें बिहार कि तो राज्य में पिछले २४ घंटे में ३८ में से २८



जिलों में एक भी नया केस नहीं मिला है। बिहार में कोरोना के १५ नए पजिटिव केस मिले है, जिसके बाद कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या अब १७८ हो गई है। वहीं कल ३२ मरीज स्वस्थ्य होकर घर लौटे हैं, जिसके बाद राज्य में अबतक स्वस्थ हुए मरीजों का कुल आंकड़ा ७ लाख १५ हजार ७२१ हो गया है।

# स्कूलों में उपस्थिति अनिवार्य नहीं – दिनेश शर्मा

लखनऊ । स्कूलों को खोलने की तैयारी में जुटी उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को विधान परिषद में स्पष्ट किया कि कक्षा आठ तक स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा ने कहा कि अगर कोरोना की स्थिति बिगड़ती है तो स्कूल फिर से बंद हो सकते हैं। कक्षा नौ से १२ तक के लिए भी उपस्थिति अनिवार्य नहीं की गई है।नेता सदन ने शिक्षक दल के सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा कहा श्अभिभावकों, शिक्षकों और राजनीतिक संगठनों ने भी कहा है कि आफलाइन शिक्षा शुरू की जानी चाहिए, भले ही यह छोटी अवधि के लिए हो।श उन्होंने कहा कि श्यूपी में, वर्तमान माहौल पर्याप्त रूप से सुरक्षित है, लेकिन कोरोना को लेकर अगर जरा सी भी चिंता की बात होगी, तो हम स्कूलों को बंद भी कर सकते हैं।श उन्होंने कहा कि स्कूलों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं। यदि किसी बच्चे में बुखार या अन्य लक्षण दिखेंगे तो उसे तत्काल छुट्टी दे दी जाएगी।सपा सदस्य शतरूद्र प्रकाश ने पूछा कि क्या छोटे बच्चों का बिना टीकाकारण स्कूल जाना खतरनाक नहीं है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि अभी १८ वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए टीका उपलब्ध नहीं है। सितंबर तक टीका आने की उम्मीद है। अधिष्ठाता नरेश उत्तम पटेल ने सरकार से कहा कि बच्चों के जीवन से जुड़ा गंभीर मामला है। टीकों की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।विधान परिषद में सपा के हीरालाल यादव व लाल बिहारी यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी), सभासदध्पार्षद व जिला पंचायत सदस्यों को मानदेय न मिलने का मुद्दा उठाया। सपा सदस्यों ने कहा कि मेयर, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख व ग्राम प्रधानों को मानदेय दिया जाता है, लेकिन बीडीसी, सभासद व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मानदेय नहीं मिलता है। इसे सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

# भारत के दूतावासों में घुसा तालिबान, दस्तावेजों की तलाशी ली

नई दिल्ली/काबुल। भारत ने काबुल में अपना दूतावास खाली कर दिया है और साथ ही कंधार और हेरात में अपना वाणिज्य दूतावास भी खाली कर दिया है। लेकिन काबुल पर कब्जा करने के बाद तालिबान के लड़ाकों ने भारत के बंद पड़े कौंसुलेट में घुस कर तलाशी ली है। जानकार सूत्रों का कहना है कि अफगानिस्थान में तालिबान ने बुधवार को भारत के कम से कम दो कौंसुलेट में घुस कर वहां दस्ष्तावेजों की तलाशी ली। यह भी कहा जा रह है कि इस दौरान वे वहां रखी गई कारें भी अपने साथ ले गए। गौरतलब है कि तालिबान ने काबुल पर कब्जा करने के बाद दुनिया को यह भरोसा दिलाया था कि वह किसी को निशाना नहीं बनाएगा और बदले की भावना से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि वे जो कह रहे हैं उसके उलट काम कर रहे हैं। बहरहाल, जानकार सूत्रों के मुताबिक तालिबान के आतंकियों ने कंधार और हेरात के बंद पड़े भारतीय कौंसुलेट में तोड़फोड़ की। उन्होंने दस्ष्तावजों की तलाशी ली और दोनों कांसुलेट में रखी गई भारतीय दूतावाल की गाड़ियों को ले गए। गौरतलब है कि भारतीय दूतावास में घुस कर तलाशी लेने से पहले तालिबान ने कहा था कि वह नहीं चाहता कि भारत काबुल का दूतावास खाली करे। इसके लिए उसने संपर्क सूत्रों के हवाले से भारत को संदेश भी भेजा था। हालांकि भारत को तालिबान की मंशा पर भरोसा नहीं था और इसलिए पहले ही सारे दूतावास खाली कर दिए गए थे। गौरतलब है कि राजधानी काबुल पर कब्जा करने के बाद तालिबान के आतंकी घर घर जाकर तलाशी कर रहे हैं। वे उन अफगानियों को तलाश रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी, नेशनल डायरेक्टोरेट अफ सिक्योरिटी में काम किया है। यह भी कहा जा रहा है कि नाटो के साथ काम करने वाले अफगानियों की भी तलाश की जा रही है।



# नशे में धुत युवती का बीच सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामा

लखनऊ। बाराबिरवा चौराहे पर युवती द्वारा कैब चालक की पिटाई का मामला अभी लोग भूल नहीं पाये थे कि विकासनगर में एक युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा सुर्खियों में छा गया। सोमवार की रात नशे में धुत युवती ने बीच सड़क जमकर हंगामा किया। उसने अपने दोस्तों पर पार्टी में जबरन शराब पिलाने और अभद्रता का आरोप लगाया। युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। युवती नशे में कभी इधर–लहराती तो कभी उधर। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मोबाइल से उसका वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उसने कई के मोबाइल पर हाथ मार कर गिरा दिया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।पुलिस ने युवती से पूछताछ करने की कोशिश की पर नशे में अधिक होने के कारण युवती कुछ ठीक से बता नहीं सकी। युवती ने अपने फ्रेसबुक फ्रेंड के भाई पर पैर पर गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया। इसके अलावा दो युवकों पर गंभीर आरोप लगाए। इंस्पेक्टर आनंद तिवारी ने बताया कि युवती के परिवारीजन सूचना पर आ गए थे। वह उसे लेकर चले गए थे। युवती बर्थडे पार्टी से आयी थी। अगर युवती कोई तहरीर देगी तो मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि रात के बाद से मंगलवार शाम तक युवती किसी भी प्रकार की तहरीर लेकर थाने नहीं पहुंची है। लिखित में अबतक युवती ने कोई आरोप नहीं लगाया है।युवती ने बताया कि वह चिनहट क्षेत्र में बर्थडे पार्टी में थी। इस बीच उसे दोस्तों ने धोखे से शराब पिला दी थी। इसके बाद उसके साथ अभद्रता की। पुलिस ने मामले की जानकारी अधिकारियों को भी दे दी। अधिकारियों ने पूरे मामले की रिपोर्ट विकासनगर पुलिस से मांगी है।

# यूपी में मिशन शक्ति के तीसरे चरण का शुभारंभ आज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत शनिवार २१ अगस्त से करने जा रही है। मिशन शक्ति का तीसरा चरण महिलाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस अभियान को हरी झंडी दिखाएंगी। इस खास मौके पर कोरोना काल में उत्ष्टे कार्य करने वाली महिला चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला स्वयंसेवी संगठनों के अलावा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाली ७५ महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण निर्यात उन्मुख छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों के लिए 'उभरते सितारे फंड' की शुरुआत करेंगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित उद्यमों की बाधाओं का पता लगाकर उन्हें उनकी वृद्धि और निर्यात रणनीतियां बनाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। यह सहायता इक्विटी, कर्ज तथा तकनीकी सहयोग के रूप में वित्तीय



और सलाहकारी सेवाएं दोनों प्रकार से प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक वैकल्पिक निवेश फंड बनाया गया है इसी का नाम उभरते सितारे फंड दिया गया है। यह फंड इंडिया एक्जिम बैंक और सिडबी द्वारा ४०–४० करोड़ रुपये के अंशदान से संयुक्त रूप से प्रायोजित है।मुख्यमंत्री निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत २६.६८ लाख महिलाओं के खातों में ४५१ करोड़ रुपये भेजेंगे। साथ ही १.७३ लाख से अधिक नए लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत १.५५ लाख बेटियों के खातों में ३०.१२ करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। प्रदेश सरकार ५६ हजार ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष की शुरुआत करेगी। शनिवार को ही सरकार महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनात करेगी। मिशन शक्ति के तहत ८४.७६ करोड़ की लागत से १२८६ थानों में पिंक टायलेट का निर्माण किया जाएगा। महिला बटालियनों के लिए २६८२ पदों के लिए विशेष भर्ती की जाएगी।मिशन शक्ति का तीसरा चरण कई मायनों में खास होगा। बलिनी दुग्ध उत्पादक कंपनी की तर्ज पर नई कंपनियां स्थापित होंगी। सोनभद्र, चंदौली, मीरजापुर, बलिया, गाजीपुर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और रामपुर जिलों में भी दुग्ध कंपनियां स्थापित की जाएंगी। दिसंबर तक एक लाख नए स्वयं सहायता समूह बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

# उपभोक्ताओं की आपूर्ति नहीं होगी बाधित – श्रीकांत शर्मा

लखनऊ। समय से बिजली का बकाया न देने पर एनटीपीसी द्वारा उत्तर प्रदेश की बिजली आपूर्ति ठप किए जाने की नोटिस पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा का कहना है कि बकाया भुगतान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। शेड्यूल के मुताबिक प्रदेशवासियों को बिजली मिलती रहेगी।सूत्रों के मुताबिक जल्द बकाया भुगतान करने के प्रति आश्वस्त करते हुए एनटीपीसी से बिजली की आपूर्ति न बंद करने के लिए कहा गया है। ६० हजार करोड़ रुपये के घाटे में चल रहे ऊर्जा विभाग द्वारा बकाया भुगतान करने के लिए जल्द ही वित्तीय संस्थानों से लोन लेने की तैयारी है।वित्तीय संकट के संबंध में ऊर्जा मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि गांव के ७५ फीसद और शहर के २५ फीसद उपभोक्ता बिल नहीं जमा कर पा रहे हैं। उन्होंने जहां उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि वे समय से बिल जमा करें वहीं पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि सही बिल समय से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए। छोटे बकाएदारों की बिजली काटने के बजाए उन्हें बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए।बता दें कि बिजली बनाने वाली प्रमुख सरकारी कंपनी एनटीपीसी उत्तर प्रदेश को बिजली देना बंद कर सकती है। कंपनी का कहना है कि बार बार नोटिस के बावजूद प्रदेश सरकार ने बकाया बिजली बिल का भुगतान पिछले ४५ दिनों से नहीं किया है। ऐसे में उसके समक्ष बिजली काटने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। एनटीपीसी तकरीबन ५५१२ मेगावाट बिजली की आपूर्ति राज्य करती है। राज्य सरकार को नोटिस भेज दिया गया है कि २० अगस्त को रात १२ बजे के बाद उनकी बिजली काटी जा सकती है। एक बार बिजली आपूर्ति काटने के बाद फिर भुगतान के बाद इसे नियमित करने का प्रावधान है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार


सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# राज कुंद्रा को मिली बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत

मुम्बई। शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को अश्लील वीडियो बनाने के मामले मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया था। १६ जुलाई को उनकी गिरफ्तारी हुई थी। फिलहाल राज कुंद्रा अब न्यायिक हिरासत में हैं। आज हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद राज कुंद्रा को बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज को २५ अगस्त तक इस केस में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान कर दी है। इसके बाद भी वो जेल से बाहर नहीं आने वाले। बता दें, राज कुंद्रा को ये अंतरिम सुरक्षा नवंबर २०२० के एक केस में मिली है। इस केस में मुंबई सेशन कोर्ट ने अंतरिम जमानत रद्द कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने गिरफ्तारी से राहत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज कुंद्रा को महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में २५ अगस्त तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। राज कुंद्रा ने उसी मामले में ABA की मांग करते हुए हाई कोर्ट का



दरवाजा खटखटाया। राज कुंद्रा के वकील प्रशांत ने याचिका में बताया है कि बिजनेसमैन के खिलाफ शुरुआत में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। उन्हें पूछताछ के लिए समन भी भेजा गया था। उन्होंने पुलिस के पास जाकर अपना बयान भी दर्ज कराया था। लेकिन उन्हें गिरफ्तारी की आशंका थी, जिसकी वजह से उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। वहीं राज की ओर से कहा गया कि उन्होंने कंपनी में इन्वेस्ट किया था, लेकिन पोर्नोग्राफी साइट्स पर एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्होंने दिसंबर में इस कंपनी को छोड़ दिया था। बता दें, महाराष्ट्र साइबर पुलिस को राज कुंद्रा के खिलाफ कई सबूत मिले थे। मुंबई क्राइम ब्रांच ने ४८ TB डेटा रिकवर किया है, जिसमें दो एप से ५१ अश्लील फिल्में जब्त की थीं। साथ ही उन्होंने राज कुंद्रा और रयान थोरपे की गिरफ्तारी की वजह भी बताई थी। साफ तौर पर कहा गया था कि व्हाट्सएप ग्रुप और चैट को डिलीट किया जा रहा था। इसके साथ ही सबूत नष्ट किए जा रहे थे, जिस वजह उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## जब मैं भोली थी तब कई लोगों ने उठाया था फायदा : ऋचा

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा अपने बोल्ड किरदारों के लिए काफी फेमस रही हैं। फिल्म मैडम मुख्यमंत्री को लेकर चर्चा में रहने वाली ऋचा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें ऋचा ने अपने साथ हुई घटनाओं का खुलासा किया है। ऋचा चड्ढा ने हिम्मत दिखाई और बॉलीवुड की दुनिया के पीछे के काले सच को बयां किया है।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।


# कैटरीना कैफ और विकी कौशल के रिश्ते पर लगी मोहर, कर ली सगाई?

मुम्बई। कैटरीना कैफ और विकी कौशल के रिलेशनशिप को कौन



नहीं जानता। आए दिन दोनों साथ में नजर आते रहते है। सोशल मीडिया पर उनके ऐसे कई वीडियो वायरल हुए जिसमें वह एक साथ नजर आए है। लेकिन अब दोनों को लेकर बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। कहा जा रहा दोनों ने सगाई कर ली है। सगाई की खबरों की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अभी इसे रूमर के तौर पर ही देखा जा रहा है। बता दें, विरल भयानी के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें बताया गया, 'सगाई की रूमर्स हैं। कहा जा रहा है कि दोनों ने रोका कर लिया है। आधिकारिक ऐलान का इंतजार है। तब तक के लिए ये खबरें रूमर्स।' कैटरीना कैफ और विकी कौशल की सगाई में कितनी सच्चाई है ये आधिकारिक ऐलान के बाद ही पता चलेगा। वैसे विरल की ओर से इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया गया है। बता दें, बीते महीनें भी ऐसी खबरें सामने आई थीं कैटरीना कैफ और विकी कौशल शादी करने वाले हैं। दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में बने रहते हैं, लेकिन दोनों ने आज तक अपने अफेयर की खबरों पर कभी बात नहीं की। दोनों अक्सर ही साथ स्पॉट किए जाते हैं। वहीं कई बार विकी कौशल को कैटरीना के घर के बाहर भी स्पॉट किया गया था। साथ ही दोनों के साथ वेकेशन पर जाने, सैलिब्रेशन करने की भी खूब चर्चाएं थीं।


समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक